श्री लालू प्रसाद (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो विधेयक लोक सभा से पास होकर आया है, इसे देखने के बाद हम लोगों को काफी निराशा हुई है। हर राज्य से हमारे माननीय सदस्य आते हैं। किसी न किसी राज्य में, कहीं कांग्रेस पार्टी का, कहीं क्षेत्रीय दलों का तो कहीं बीजेपी का शासन है। चारों तरफ सारे राज्यों के मुख्य मंत्रियों से अगर पूछा जाएगा और ईमानदारी से बातों को मुख्य मंत्री लोग प्लानिंग कमीशन के सामने रखते भी हैं, जब जब प्रधानमंत्री जी के स्तर पर मीटिंग होती है, राज्यों के योजना का कार्य क्या हो, देश से कैसे गरीबी मिटेगी, कहां क्या हालत है। तो हालत बद से बदतर हो रही है। राज्यों की वित्तीय स्थिति देखें तो हर राज्य की वित्तीय स्थिति चरमराई हुई है। हम लोग महाराष्ट्र की बात करते थे, सुनते थे। ये राज्य पहली पंक्ति के राज्य हैं लेकिन आज हालत यह है कि जो उन्नत राज्य थे, जो पिछड़े राज्यों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ गये थे, वहां भी आज तलब -तनख्वाह देने में लोगों को किल्लत हो रही है। चाहे जो भी सरकार दिल्ली में हो, राज्यों के वित्तीय अधिकार धीरे-धीरे छीने जा रहे हैं। जो मौजूदा सरकार यहां है, यहां राज्यों के मुख्यमंत्री आते हैं, अपने राज्यों की गरीबी की चर्चा करते हैं, कैसे भारत आगे बढ़ेगा, कैसे अपने पैरों पर खड़ा होगा

लेकिन नतीजा वहीं पर जाकर अटक जाता है और हम ज़ोर लगाते हैं कि 8 प्रतिशत जी.डी.पी. ग्रोथ होना चाहिए, लक्ष्य है, सबको काम में लगना चाहिए। माननीय फाइनेंस मिनिस्टर साहब से, खासकर हम लोगों को जसवंत बाबू से यह आशा है कि कम से कम वे यह बात ज़रूर सोचेंगे और जो तसवीर है भारत की और जो हालत है वित्त के मामले में, ईमानदारी के साथ सदन के माध्यम से भारत की महान जनता के सामने सही चित्र रखेंगे कि पैसा आता कहां से है, पैसा जाता कहां है और बैलेंस क्या बच रहा है आपके हाथ में या राज्यों के हाथों में कि हम विकास की बात को आगे बढ़ाएं।

उपसभाध्यक्ष जी, यह माना गया, स्वीकार किया गया कि जो राशि, रिसीट है, राज्य के जो रिसोर्स होते हैं और उसमें केंद्र जो मदद करता है, पूरे देश के लिए यह फैसला गाडगिल फार्मूले के तहत होता है। यदि गाडगिल फार्मूले का अध्ययन आप करेंगे तो आप पाएंगे कि बहुत से हमारे राज्य जिन राज्यों को हम कहते थे कि आगे बढ़ गए, वे भी अब पीछे खिसक रहे हैं। ऐसे राज्य ईस्टर्न यू.पी. क्या, पूरा उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, कोलकाता और सेवन सिस्टर्स स्टेट्स हैं, इन राज्यों को यदि आप देखेंगे तो हमारे ये भाई पीछे छूट गए। जो राज्य पीछे छूटा, वह केंद्र की नीतियों की वजह से छूटा। जिन लोगों ने प्लान बनाया, जिन लोगों ने दिमाग लगाया, जिन लोगों ने गाडगिल फार्मूले को इंट्रोड्यूस किया, उसके तहत पर कैपिटा इनकम - खासकर मैं बिहार से आता हूं, बिहार के विषय में अपमानजनक शब्दों में और मज़ाक के रूप में कहा जाता रहा है कि "Bihar is rich but Biharis are poor." हमारा मानना है कि यह बिहार की इंसल्ट है, बिहार का अपमान है। हां , कुदरत ने हमें अपार माइन्स और मिनरल्स दिए थे झारखंड के इलाके में, जब युनाइटेड बिहार था। उत्तर बिहार की हमारी बेस्ट भूमि, बेस्ट फर्टाइल लैंड है, जिसको "गार्डन ऑफ बिहार" कहा जाता है, जहां डेनसिटी ऑफ पापुलेशन थिक है, हर साल अंतर्राष्ट्रीय नदियों की बाढ़ की वजह से हमारा वह उत्तर बिहार तबाह होता रहा। लेकिन महोदय, राज्य मालिक नहीं होता। राज्य का कोई अधिकार नहीं था। चाहे छत्तीसगढ़ को, मध्य प्रदेश को देखें, जो राज्य कोल प्रोड्यूस करता है, जो स्टील प्रोड्यूस करता है, अलग प्रकार की आमदनी है, उसमें राज्यों का कोई शेयर नहीं है। कोई भी एक टोकरी कोयला नहीं निकाल सकता है, अभी जो नया राज्य बन गया है और नए मुख्यमंत्री बने हैं, वे एक टोकरी कोयला नहीं निकाल सकते हैं। हुआ क्या महोदय? दिल्ली में आपने ताकत को, शक्ति को लिया और माइन्स, मिनरल्स रेग्युलेशन ऐक्ट बनाकर राज्यों के अधिकारों को छीन लिया गया, स्नैच कर लिया गया। राज्यों को कोयले से सेस मिलता था। सेस से राज्यों की आमदनी होती थी और राज्यों का विकास आगे बढ़ता था लेकिन यह फैसला हो गया - राज्यों को सेस लगाने का अधिकार नहीं है तो रॉयल्टी की बात हुई और रॉयल्टी कोयला मंत्रालय तय करता है। मैं सिर्फ बिहार की बात नहीं कर रहा हूं, क्यों ये राज्य पीछे छूटे? चाहे मध्य प्रदेश हो, उड़ीसा हो, बिहार हो, हमारे पास सब कुछ रहते हुए भी इन राज्यों की जो दुर्गति हुई है वित्तीय स्थिति में या विकास की दृष्टि से आप देखेंगे तो माइन्स मिनरल रेग्युलेशन ऐक्ट बना लिया है। दिल्ली मालिक बन गई। जहां स्टील है वहां फ्रेट इक्विलाइजेशन पॉलिसी के तहत कल और कारखाने खुलने चाहिए थे। जब हम विद्यार्थी थे तो पढ़ते थे कि कारखाना कहां खुलेगा। हमें पढ़ाया जाता था कि जहां सस्ता मजदूर हो, पानी हो, कच्चा माल हो, कम्युनिकेशन का साधन हो, वहीं कारखाना खुलेगा। इसी ख्याल से जमशेद जी टाटा उस दूरदराज के इलाके जमशेदपुर में गए थे और उन्होंने एक कारखाना खोला था। लेकिन हुआ क्या? इस बिहार को, इन बिहारियों को, बिहार

इज रिच बट बिहारीज आर पुअर कहकर अपमानित किया जाता है। फ्रेट इक्विलाइजेशन पालिसी ओन स्टील का सरकार द्वारा खतरनाक कानून बनाकर राज्य को हलाल किया गया। उन राज्यों के हलाल किया गया जो राज्य स्टील और कोयला पैदा करते हैं। सब्सिडी के नाम पर गाजर के भाव में दूसरे राज्यों को दिया गया। नोएडा में कहां है माइन्स मिनरल की जगह? हम बिहार के लोग कंज्यूम करते हैं। साइकिल कंज्यूम करते हैं। बच्चे की साइकिल कंज्यूम करते हैं। लोहा है। इस नीति के तहत देश में यह असंतुलन क्यों बढ़ा, इस पर विचार करना पड़ेगा, संसद को विचार करना पड़ेगा, सबसे बड़ी पंचायत अपर हाउस को विचार करना पड़ेगा। उन राज्यों में जहां धन है, जहां माइन्स मिनरल था, जहां कल कारखाना लगना चाहिए था वहां न लगाकर फ्रेट इक्विलाइजेशन पॉलिसी के तहत स्टील गाजर के भाव में बाहर भेजा गया। कल-कारखाने नहीं खुले। छोड़ दीजिए चंद टाटा को और भारत सरकार के इस्पात कारखाने बोकारो को। कहीं भी साइकिल और लोहे पर आधारित कोई भी कारखाना नहीं खोला। पर कैपिटा इनकम के लिए हम फाइनेंस मिनिस्टर साहब से आग्रह करेंगे कि आप देखें कि जब से आपकी योजना बनी है, प्लानिंग कमीशन का जब से जन्म हुआ है तब से कैसे बिहार के साथ भेदभाव हुआ है, हमारे राज्य के साथ भेदभाव हुआ है। हमसे हिसाब लिया जाता है। सारी बुराइयों के लिए कहा जाता है लालू यादव और राबड़ी देवी की वजह से बिहार आगे नहीं बढ़ा, विकास नहीं हुआ। महोदय, पर कैपिटा इनकम, लोएस्ट इन्वेस्टमेंट आपने किया है, एक पैसा भी कोई बता दे इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में, बिजली के क्षेत्र में, रोड के क्षेत्र में, हवाई जहाज के क्षेत्र में। महोदय, हमारे देश के कई राज्यों में इंटरनेशनल हवाई जहाज का अड्डा है। वहां कार्गो आता है, किसान का सामान, फल हो, फूल हो लदकर जाता है लेकिन बिहार, जिस बिहार में हमारे किसान, हमारी लीची, हमारा सामान उत्तर प्रदेश से लेकर आते थे उस राज्य में एक भी नहीं है। कोलकाता को छोड़ दीजिए, वह तो अंग्रेजों के जमाने से मेट्रोपोलिटन सिटी है, चेन्नई है, मुम्बई है लेकिन हमारे यहां एक भी इंटरनेशनल हवाई पट्टी नहीं है। फिर भी हिसाब लिया जाता है। फिर भी हिसाब-किताब किया जाता है कि विकास नहीं किया। बिहार इज रिच बट बिहारीज आर पुअर कहा जाता है। बिहार के लोगों के साथ मज़ाक किया गया है। जो हमारे भाई आगे बढ़ गए हैं मैं उनका विरोध नहीं करता हूं, वे हमारे भाई-बंधु हैं, वे अपने आप बताएंगे कि उनके राज्य की क्या स्थिति है। गरीबी का, गैरत का, भूख का, बिलो पॉवर्टी लाइन का, अनएम्प्लोएमेंट का, पानी का, पीने के पानी का इस देश में इतने दिनों की आजादी मिलने के बाद, अरबों रुपया खर्च करने के बाद जो आया है, जो माननीय मंत्री जी ने दिया है इसमें चौरासी खरब, इक्यावन अरब, चौदह करोड़ रुपया निकलेगा। यह निधि से, खजाने से निकलेगा। यह रुपया कहां जाएगा? फिफ्थ पे कमीशन बनाकर, राज्यों की राय लिए बिना, उन्हें कांफिडेंस में लिए बिना ही बढ़ा दिया गया। आई.ए.एस. अफसर लोगों ने बढ़ा लिया, कर्मचारियों ने बढ़ा लिया, पे फिक्सेशन कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने लोअर ज्यूडिशियरी को आदेश दिया कि सेठी कमीशन लागू करो। यह जो पैसा आप देंगे या गाडगिल फार्मूले से जो मिलेगा या जो रिटायर हो गए, उनके लिए हमेशा वृद्धि होगी, पेंशन में वृद्धि करो, सैंट्रल रेट पर वृद्धि करो। आज फिफ्थ पे कमीशन के तहत हमारी जो भी रिसीट है, राज्य की जो भी रिसीट है, आप जो भी देते हैं, इन दोनों का योग एस्टेब्लेशमेंट पर खर्च करने के बाद इस देश के राज्यों में विकास के लिए पैसा नहीं बच रहा है। पैसा नहीं है। यहां पर हमारे बिहार के दस-बारह मंत्री लालू यादव का मुकाबला करने के लिए हैं। अगर हम नहीं होते तो एकाध ही बिहार का कोई मंत्री होता। हम वहां पर हैं इसीलिए ग्यारह-बारह मंत्री हैं। एक तरफ इलेवन-ट्वेल्थ हैं तो दूसरी तरफ हम अकेले हैं। ये रोज बोलते हैं कि दिल्ली पैसा दे रही

है लेकिन लालू यादव खर्च नहीं करता है। हम जानना चाहते हैं कि आप कौन सा पैसा दे रहे हैं, कहां से पैसा दे रहे हैं, यह किसका पैसा है? सैंट्रल एक्साइज में जो हमारी रिसीट आती है, जो एस्टीमेट आप बनाते हैं, बजट बनाते हैं और यह जो कहना है कि सैंट्रल कस्टम से, एक्साइज से फलानां चीज से मिलेगा, राज्यों को इतना मिलेगा, आप पन्ना पलटकर देखिए हम उसी के अनुरूप बजट बनाते हैं। राज्य सरकार बजट बनाती है लेकिन इनकी वसूली नहीं हुई। इवेजन है। इवेजन है, टैक्सेशन में इवेजन है, लूट है, इसलिए महोदय, यह योजना कहीं नहीं चल पाती है। मैं जसवंत बाबू को धन्यवाद देता हूं, पंत साहब को धन्यवाद देता हूं, योजना आयोग के चेयरमैन हैं इन्होंने राबड़ी देवी को बुलाया, सभी अफसरों को बुलाया और कहा कि एक सम योजना हमने स्वीकार की है। वे राज्य, खासकर बिहार, उड़ीसा और जो पीछे छूट गए हैं, उन्हें हम पैसा देंगे, साधन देंगे। रीजनेबल पैसा देंगे। हम लोगों ने बड़ी खुशी मनाई कि चलो अन्य राज्यों की तुलना में हम बराबरी में आएंगे लेकिन जब प्लानिंग कमीशन में ये बातें तय हुईं तो फाइनेंस कमीशन में न जाने कौन सा नया सेक्रेट्री बन गया। पहले हाउस में भाषण हो गया, सिन्हा जी पहले वित्त मंत्री थे उन्होंने स्पीच दे दी लेकिन प्लानिंग कमीशन में फाइनेंस सेक्रेट्री बोले कि हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है, हमें पता नहीं है, हमें इसका अध्ययन करना पड़ेगा। महोदय, हालत बद से बदतर है। सारा कल-कारखाना बेचा जा रहा है, सब मुनाफा विदेशियों के लिए है और इम्पोर्ट ड्यूटी को कम किया जा रहा है, विदेशियों के लिए भारत को बाजार बनाया जा रहा है। हमारा सिंदरी का कल-कारखाना बंद हो गया, भिलाई का बंद हो गया, सारा होटल-मोटल बंद हो गया, छोटा कल-कारखाना बंद हो गया, सारी दुनिया का सामान डम्प हो रहा है। महोदय, गरीबी कैसे मिटेगी ? यह गरीबी मिटने वाली नहीं है। कृषि में सब्सिडी देते थे। राज्यों की हालत बद से बदतर है। प्रधानमंत्री जी ने लाल किले से कहा था कि एक करोड़ लोगों को काम देंगे। काम की हालत यह है कि रेलवे में नौकरी खत्म की जा रही है, बैंकों में खत्म की जा रही है, चारों तरफ से खत्म की जा रही है, हुनर खत्म किया जा रहा है। आज किसी को कोई काम नहीं मिल रहा है। महोदय, जहां-तहां बेरोजगार नौजवान घूम रहे हैं। प्रधानमंत्री रोजगार योजना, पी.एम.आर.वाई. किसी भी नौजवान को ले लो, एक भी डिस्पोजल बैंकों से नहीं हो रहा है। बिहार में जितना डिपोजिट है, बचत के पैसे का क्रेडिट हम करते हैं। बैंक यह पैसा बिहार में खर्च नहीं कर रहा है। ले जा रहा है। पता नहीं कहां ले जा रहा है? हम खोज लेंगे कहां ले जा रहा है? इसका हम लोग जरूर, निश्चित रूप से उपाय करेंगे। पैसा हमारा और खर्च दूसरी जगह। फिर बोलेंगे कि बिहार तरक्की नहीं कर रहा है। एनएच, रोड इनका है, हाईवे इनका है। रोड में खड्डा है और बोलते हैं कि लालू यादव ने बोला था कि हेमा मालिनी के गाल की तरह रोड बनायेंगे, लेकिन नहीं बनाया। रोड इनका। हम नहीं बोले, लेकिन एक जगह भी, कहीं भी रोड नहीं बना। पैसा का बोलते हैं तो पैसा नहीं है। जब पैसे की मांग करते हैं तो बोलते हैं कि फाइनांस मिनिस्ट्री को हमने लिखा है। अब पता नहीं क्या लिखा है, क्या नहीं लिखा है। हम तो चाहते हैं कि आप रोड बनाइये। अगर राज्य सरकार की एजेंसी पर विश्वास नहीं है तो बॉर्डर रोड को देकर बनवाओ, सेना को देकर बनवाओ। रोड बनाना आपकी ड्यूटी है। असल में किस तरह से इस सरकार से उम्मीद करें, क्या उम्मीद करें और इस बजट से क्या उम्मीद करें? वैसे भी अब यह चुनाव वर्ष है। महोदय, एक चुनाव हो तो अलग बात है, लेकिन इस देश में तो रोज़ चुनाव हो रहे हैं। पहले चार असेंबलीज़ का चुनाव होगा, दो साल बाद फिर चार असेंबलीज का चुनाव होगा, फरवरी में लोक सभा का चुनाव करायेंगे। महोदय, इलैक्शन को ध्यान में रखते हुए, क्योंकि आगे इलैक्शन वर्ष है, इसलिए इसमें सरकार कौन सा काम करने वाली है। काम और

समस्या को डाइवर्ट करने के अलावा इनके पास कोई काम नहीं है। इनका तो काम रह गया है कि महिला बिल लाओ, फलाना चीज़ लाओ, झंझट करवाओ। महोदय, इस समय राज्यों की स्थिति बद से बदतर है। हथियार छोड़ कर, सब सामान विदेश से आ रहा है। चीन का माल डंप हो गया है। आम, सेब, दही, दूध, मक्खन सारी चीज़ें बाहर से आ रही है। जब ब्रितानी सरकार ने भारत को बाजार बनाया था, तब इसी के खिलाफ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आवाज़ उठाई थी क्योंकि इंग्लैंड में कारखाने थे और बाजार भारत था। एक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आए थे और उन्होंने कहा था कि इनको पंगु करना है तो चरखा चलाओ। अगर कपड़ा वहां बनेगा और भारत में बिकेगा तो भारत का पैसा वहां जायेगा। आज भी वही हो रहा है। देश का पैसा विदेश में जा रहा है। सारा रास्ता खोल दिया, यहां ले आओ, यहां ले आओ, और यहां सामान बेचो। वर्ल्ड बैंक जो-जो कहता है, वही नीति बनाओ। एक ज्वाइंट सेक्रेटरी वर्ल्ड बैंक में जाता है और उसके बेटे को कोई नौकरी मिल गई तो ऑन् द बिहॉफ ऑफ् द एंटायर स्टेट दस्तखत कराता है और उसके बाद वह राज्यों पर लादा जा रहा है। राज्य के मुख्य मंत्रियों को पता भी नहीं होता कि क्या-क्या कारनामे ये लोग कर रहे हैं। कहां-कहां क्या-क्या कर रहे हैं। कहते हैं कि नहीं लागू करोगे तो दिल्ली से पैसा नहीं देंगे। महोदय, चारों तरफ अगर देखा जाए तो पता चलेगा कि हमारी क्या हालत हो गई है। किसान की क्या हालत हो गई है। पानी को उलटा-पलटा करने की अब एक गार्लैंड स्कीम आ रही है। पानी कहां ले जाओगे? गंगा बहती है पश्चिम से पूर्व, ब्रह्मपुत्र जाती है उधर, नदियों की धारा को आज तक किसी ने नहीं मोड़ा है और यह आपकी गलतफहमी है। हमको मालूम है कि वर्ल्ड बैंक का एशियन बैंक के द्वारा बहुत सा पैसा लेकर, जहां पानी नहीं है वहां पानी ले जाने के लिए पता नहीं कैसे नदी बनायेंगे और पोल्यूशन करेंगे। महोदय, यह संभव नहीं है। जिन भाइयों के पास पीने का पानी नहीं है उनके लिए हम पानी देंगे, वहां बिहार से हम पानी पहुंचायेंगे। लेकिन ये तो समस्या को उलझा रहे हैं। इसे कोई मानने वाला नहीं है। इसलिए इस पर विचार ...**(व्यवधान)**... नदियों को इंटरलिंक वाला ...**(व्यवधान)**... तो आप बताओ कि आपका उधर, आई एम नॉट् अगेन्स्ट् ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : चलिए प्लीज़, कन्क्लूड करिए।

श्री लालू प्रसाद : हां। ...**(व्यवधान)**...

डा0 अलादी पी0 राजकुमार (आन्ध्र प्रदेश) : लालू भाई, मै प्रेम भाई से कुछ पूछ रहा था।

श्री लालू प्रसाद : हां, तो हम समझ गए कि आप क्या पूछ रहे हो। महोदय, आप बताइये राजस्थान से कौन सी नदी में पानी घटेगा तो बिहार से जाएगा ? है कोई ज्ञानी आदमी जो यह बता सके। यह सारा कंप्लीकेटेड किया जा रहा है। और यह विदेशियों का, वर्ल्ड बैंक का और निजी लोगों का साजिश है कि पानी को भी हाथ में ले लो । आप तो रेलवे भी देने वाले और सब कुछ देने वाले हैं । आप बिना पूछे निवेश करते हैं । हम ने सुना है कि भारत पेट्रोलियम और जो मुनाफे वाली तेल कंपनियां हैं, यह समूचा आप निजी हाथों में देने जा रहे हैं । आप सब बेच-बाचकर, जेब झाड़कर अलग खड़े होना चाहते हैं । महोदय, स्थिति बद-से-बदतर है । अब यह बजट तो हम लोग पास करेंगे । यह हम लोगों को पास करना ही है,

लेकिन हम जानते हैं कि इस से देश के किसानों का कल्याण नहीं होने वाला है, बेरोजगारों का कल्याण नहीं होने वाला है । देश तो पीछे जा रहा है । देश को आगे जाना चाहिए, लेकिन देश पीछे जा रहा है । महोदय, हम ने पटना से लोक सभा में प्रधान मंत्री का भाषण सुना - हमारी सीमा पर अरबों-अरबों रुपया खर्च हुआ है, हमारी संसद पर हमला हुआ । पहले प्रधान मंत्री जी ने कहा कि आर-पार कर देंगे, लेकिन आर-पार तो छोड़ दिया, पार होकर यहां चले आए । महोदय, हम प्रोसीडिंग निकलवा रहे हैं कि वह सच है कि नहीं? हम ने सुना है कि प्रधान मंत्री जी ने लोक सभा में कह दिया कि हम माफ कर दें । संसद पर हमला माफ कर दें । Who are you to pardon the terrorists ? आप माफ करने वाले कौन होते हैं? हमारे जवान मारे गए, हमारे सिपाही मारे गए, वहां सैनिक 6 महीने तक रहे और देश का अरबों रुपया बर्बाद हुआ है । इसलिए आप कब, क्या बात बोलते हैं, कुछ समझ नहीं आता।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आप फायर्नेस बिल, एप्रोप्रिएशन बिल पर बोलिए।

श्री लालू प्रसाद : मैं यह नहीं कहता कि जसवंत सिंह जी का जो प्रयास है, उसमें कोई खोट है । आप यह नहीं समझिए कि मैं व्यक्तिगत रूप से आप के प्रयासों की आलोचना कर रहा हूं। अब आप भी क्या कीजिएगा, सब बिगड़ गया तब आपको यह विभाग दिया गया। सारी चीज खत्म हो गयी तब आपको यह काम दिया गया है। अब आप अपने विवेक से कुछ कर भी नहीं सकते। महोदय, अब तो यह हो रहा है कि जो पैसा लोग कमाकर सूद के लिए जमा करते थे, उस पर भी आप ने सूद कम कर दिया है । दूसरी ओर, शेयर घोटाला, यू0टी0आई0 घोटाला सब हो गया, लेकिन हम को बदनाम किया कि लालू चारा खा गया । अभी सूद का रेट कम कर दिया गया है । महोदय, लोग जो दो पैसा कमाकर सूद के लिए रखते थे, जो बेटी-बेटे की शादी-ब्याह के लिए डिपॉजिट करने वाले थे, उन का सूद का दर भी आप ने कम कर दिया । इसलिए माननीय मंत्री जी आप यह जरूर बताइएगा कि हाईकोर्ट पर, पार्लियामेंट पर, असेम्बली पर, तनख्वाह पर, पेंशन पर, ग्रेच्युटी पर, आप के एस्टैब्लिशमेंट पर, राज्यों की मदद पर कितना पैसा खर्च हुआ और कितना आपको बैलेंस बचता है । फिर आप बोलते हैं सेंट्रली स्पांसर्ड स्कीम, लेकिन उसका पैसा राज्यों को नहीं देते हैं। राज्यों को सेंट्रली स्पांसर्ड स्कीम में हंड्रेड परसेंट आपकी सहायता नहीं है । वह कहीं-कहीं 50-50 है, कहीं 75-25 है । हालांकि राज्यों की सब की स्थिति खराब है, लेकिन आप कहते हैं कि पहले अपना पैसा खर्च कर लीजिए । फिर दिल्ली में बैठा अफसर, महकमे के अफसर को बताता है कि आप यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट लाइए तब हम आपका पैसा रिलीज करेंगे। आप क्षेत्रीय असंतुलन बढ़ा रहे हैं। इस से गैर-बराबरी बढ़ी है, भेदभाव बढ़ा है । दूसरी ओर, मार्च में जब अकाउंट क्लोज होता है तब 10-15 दिन पहले सेंट्रली स्पांसर्ड स्कीम का पैसा आप यहां से रिलीज करते हैं। तो कौन खर्चा करेगा, कहां से पैसा आएगा? उधर राज्य की हालत खराब है। आप हंड्रेड परसेंट दीजिए। अगर आप मदद करना चाहते हैं तो हर राज्य को सेंट्रल स्पांसर्ड स्कीम में हंड्रेड परसेंट देकर मदद कीजिए । लेकिन आपकी नीति वर्ल्ड बैंक वाली नीति है, विदेश की नीति है। गांधी बाबा और उन के स्वराज की जो बात थी, अपने पैरों पर खड़े होने का, स्वदेशी का जो नारा आप ने दिया था, वह बिल्कुल पाखण्ड था । अब देशवासियों को मालूम हो गया है कि दिल्ली की सेंट्रल सरकार में आपके रहते भारत का भला होने वाला नहीं है, आपके रहते गरीबी और बढ़ेगी, तबाही और बढ़ेगी, बेरोजगारी और बढ़ेगी। अगर हमारा बहुमत रहता तो हम आपको इस बजट में हरा देते, इसको हम पास ही

नहीं करते, लेकिन हम कसमसा कर रह जाते हैं कि हम क्या करें इसको पास न करने में। तो ठीक है, आप इस पर ध्यान देंगे, मगर ध्यान क्या देंगे क्योंकि आप तो इलेक्शन में चल देंगे, उसे आप देखेंगे।

महोदय, आपने हमको समय दिया, इसके लिए हम आपको धन्यवाद देते है। जसवंत जी ऐसा न समझें कि हमने यह सब दोष अकेले उन पर मढ़ दिया है। इसमें दूसरे लोग हैं, आपको तो बाद में इस मंत्रालय में लाया गया है। फिर भी आपने हिम्मत करके पिछड़े राज्यों का, स्पेशल कैटेगरी का कहा था बिहार बांटने के समय कि स्पेशल कैटेगरी स्टेट हम इसको बनाएंगे, विशेष पैकेज देंगे, लेकिन एक पैसा नहीं मिला। आप देखिए, रवि शंकर जी वहां से आते है, नीतीश कुमार जी वहां से आते हैं, सी0पी0ठाकुर जी वहां से आते हैं, शरद यादव जी वहां से आते हैं, जो यहां बैठे हुए हैं और अध्ययन में लीन हैं, इनको पढ़ने-लिखने से तो कोई मतलब है नहीं, उल्ट रहे है, इन सब लोगों ने मिलकर स्पेशल पैकेज में एक पैसे का पैकेज भी बिहार को नहीं दिया। आपकी स्पेशल कैटेगरी की सारी शर्तों को बिहार पूरा करता है, इतना तो आपको कम से कम बिहार के लिए करना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ, महोदय, हम अपनी बात को समाप्त करते हैं। यह तो लाजमी है इस बजट को पास करना तो हम पास करेंगे, क्या करें। धन्यवाद ।

श्री मनमोहन सामल (उड़ीसा) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस एप्रोप्रिएशन बिल का समर्थन कर रहा हूँ, स्वागत कर रहा हूँ। हमारी सरकार का यह ध्येय है कि देश का तेजी से विकास और संतुलित विकास हो। यह नारा लेकर, खाली नारा नहीं बल्कि यह संकल्प लेकर, प्रतिज्ञा लेकर हमारी सरकार इस ध्येय पर पांच साल से निष्ठा से काम कर रही है। जो पिछड़े राज्य हैं, उन राज्यों के लिए, वहां के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए सरकार ने सबसे ज्यादा प्रायरिटी दी है। आज प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में हम 60 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं, गांवों के रास्तों का विकास करने के लिए और 54 हजार करोड़ रुपए राष्ट्रीय राजपथ के विकास के लिए खर्च कर रहे हैं, पीने के पानी के लिए हमने लक्ष्य रखे हैं, स्वरोजगार योजना को हम इम्पलीमेंट कर रहे हैं। पीने के पानी के लिए कोई योजना नहीं थी, पचास साल के बाद पीने के पानी की व्यवस्था हमारी यह सरकार कर रही है। मुझे खुशी है कि हमारी सरकार ने पांच साल के जो बजट बनाए, उससे इन्फ्रास्ट्रक्चर, विकास के काम में पैसा खर्च किया। इस सरकार के समय में कोई भेदभाव नहीं किया गया, कोई जातीय आधार पर, कोई प्रांत के आधार पर, किसी भी आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया गया। राज्यों में कोई भी सरकार हो, किसी पोलिटिकल पार्टी की सरकार हो, किसी विचारधारा की सरकार हो, किसी के साथ कोई अंतर, कोई भेदभाव इस बजट में नहीं है। जिन राज्यों में पैसा ठीक तरह से खर्च नहीं होता है, वहां ठीक तरह से मोनेटरिंग होनी चाहिए। जो राज्य सरकारें यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दे रही हैं, उन राज्यों को पैसा कैसे मिलेगा, उन राज्यों का विकास कैसे होगा? मैं भी एक राज्य से आया हूँ, जो दारिद्रय सीमा रेखा, बीपील लाइन में आता है, उड़ीसा राज्य, बिहार राज्य लिस्ट में बहुत पिछड़े राज्य हैं। आज भी उड़ीसा में 47 परसैंट गरीबी है। उड़ीसा को पिछड़े राज्य के कारण इन पांच सालों में सबसे ज्यादा प्रियारिटी मिली है, सुविधाएं मिली हैं। हमारे पास माइन्स हैं, मिनरल्स हैं। आज उड़ीसा में देश का 75 प्रतिशत क्रोम ओर है, आयरन ओर है, कोल है, मैग्नीज़ है, यह सब

उड़ीसा में है। मैं बधाई देना चाहता हूं कि प्रत्यक्ष और परोक्ष जो टैक्स कलेक्शन हुआ है, 17.9 परसैंट कलेक्शन इस साल पिछले साल की तुलना में ज्यादा हुआ है। डेट रिकवरी ट्राइब्यूनल के कारण 2,153.19 करोड़ आउटस्टैंडिंग रिकवरी हुई है। आज इस सरकार की निष्ठा के कारण हम कहां थे और कहां पहुंच गए हैं।

महोदय, हमारे उड़ीसा में 27 परसैंट ट्राइबल्स हैं, आदिवासी हैं, जिनके लिए एक भी मंत्रालय नहीं था, लेकिन अब इनके लिए आल ओवर इंडिया में एक मंत्रालय शुरू होने के बाद आज आदिवासियों के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। इस साल इसके लिए 1200 करोड़ रुपए का बजट में प्रोविज़न है। आज मध्य प्रदेश हो, राजस्थान हो, गुजरात हो, उड़ीसा हो, झारखंड हो, सब जगह आज वनवासी बहुत पीछे हैं, लेकिन दो-तीन सालों में आदिवासियों के विकास के लिए 3000 करोड़ रुपए का स्वतंत्र प्रावधान किया गया है, इसके लिए मैं सरकार को बधाई देता हूं।

आज इरिगेशन सैक्टर में, अभी लालू जी बोल रहे थे, नदियों को हम जोड़ रहे हैं। यह भारत का एक सपना था। 50 या 55 साल पहले अगर रिवर लिंकिंग हो गया होता तो आज हमें लगभग 80 प्रतिशत इरिगेशन फेसिलिटी मिली होती, लेकिन आज आजादी के 55 साल के बाद भी देश में केवल 40 प्रतिशत इरिगेशन फेसिलिटी है। अगर यह पहले हो गया होता तो आज 82 परसैंट इरिगेशन फेसिलिटी हो सकती थी। आज इस सरकार ने यह काम शुरु किया है, जिसका सर्वे चल रहा है और श्री सुरेश प्रभु के नेतृत्व में जो टास्क फोर्स बनाई गई है, उसका मैं स्वागत करता हूं। 5,60,000 करोड़ रुपया, इतना पैसा पहले कहां था। यह सपना पूरा होने जा रहा है, जो कि इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसलिए आज अगर नदियों को जोड़ने का कोई विरोध करेगा तो आम आदमी सामने आकर उसका विरोध करेंगे क्योंकि रिवर लिंकिंग आज जरूरी हो गया है। एक लाख मैगावाट इलेक्ट्रिसिटी प्रोड्यूस करने के लिए सरकार ने एक स्थिर लक्ष्य रखा है।

हमारे ट्राइबल किसान को जो सब्सिडी मिलनी चाहिए थी, जो व्यवस्था है उसके अंतर्गत यह सब्सिडी मिडिलमैन को मिलती थी। मैं कहना चाहता हूं कि इसके लिए कोई आधार बनाना चाहिए ताकि किसान को ठीक तरह से यह सुविधा मिले। 50 साल में किसानों को सब्सिडी में क्या फायदा हुआ? हमारी सरकार ने सब्सिडी को कम किया, कुछ लोग इसकी आलोचना कर रहे हैं। उनकी आलोचना का मतलब मेरी समझ में नहीं आता क्योंकि किसान को सब्सिडी तो मिलती नहीं थी, सब्सिडी तो बीच के आदमी को मिलती थी। आज जो व्यवस्था है, केन्द्र सरकार की मॉनिटरिंग की जो व्यवस्था है, वह और जोरदार होनी चाहिए और केन्द्र सरकार यदि इस मॉनिटरिंग की व्यवस्था को ठीक करे तो इससे आम जनता को फायदा मिलेगा, गरीब से गरीब आदमी को फायदा मिलेगा।

हमने बजट में काफी सुधार किए हैं। बेरोजगारी को दूर करने के लिए एक करोड़ का काम देने के लिए सरकार ने व्यवस्था करने की बात कही है, इसका मैं स्वागत करता हूं। बेरोजगारी, शिक्षा तथा स्वास्थ्य आदि के लिए सरकार जैसी प्रियारिटी दे रही है, इसका भी मैं स्वागत करता हूं। महोदय, मैं उड़ीसा के बारे में दो शब्द कहना चाहता हूं कि आज उड़ीसा की

47.7 प्रतिशत आबादी गरीबी की रेखा के नीचे रहती है। इनके लिए पैकेज तैयार होना चाहिए। जो ट्राइबल लोग हैं, जो कमजोर लोग हैं, जो मयूरभंज, सुंदरगढ़, नवरंगपुर, कोरापुट, मल्कनगरी में रहते हैं, जहां शिक्षा की व्यवस्था नहीं है, वहां इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। देश में पहली बार निरक्षरता 3 करोड़ कम हुई है, इस नाते उड़ीसा में जो पिछड़ा एरिया है, वनवासी एरिया है, इस एरिया में काम होना चाहिए। मैं स्वागत करता हूं कि इस साल ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की तरह भुवनेश्वर मे एक मेडिकल कालेज बनने जा रहा है। हमारे अर्थ मंत्री जी को मैं फिर बधाई देता हूं कि ऐसे समय जब कि देश कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है, उन्होंने बड़े आत्मविश्वास के साथ यह बजट प्रस्तुत किया है और वे इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए इतना धन दे रहे हैं। धीरे-धीरे देश का सपना बदलेगा और आम जनता के पास जो आर्थिक अनुदान जाता है, वह आर्थिक अनुदान उनके पास पहुंचेगा। सबको मकान मिलेगा, सबको पीने का पानी मिलेगा, सबको चलने के लिए रास्ता मिलेगा, सबके लिए बिजली मिलेगी और यह देश शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। मैं अर्थ मंत्री जी को धन्यवाद देकर अपनी बात समाप्त करता हूं, धन्यवाद।

RE. ALLEGED ATTACK ON A UNION MINISTER OF STATE

श्री दिनेश त्रिवेदी (पश्चिमी बंगाल) : उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी यह खबर मिली है कि श्री तपन सिकदर पर सी.पी.एम. कैडर ने अटैक किया है, हमें इसकी डिटेल्स मालूम नहीं हैं। मैं सरकार और होम मिनिस्टर से दरख्वास्त करूंगा कि इस बारे में कुछ बताया जाए। मुझे उम्मीद है कि तपन सिकदर जी ठीक हैं। खबर यह मिली है कि उन पर सी.पी.एम. ने बंगाल में फिज़िकली अटैक किया है।

श्री एस0एस0 अहलुवालिया (झारखंड) : महोदय, श्री तपन सिकदर एक केन्द्रीय मंत्री हैं और पश्चिमी बंगाल में मार्क्सवादी संत्रासवादियों ने उन पर अटैक किया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहूंगा कि सच्चाई क्या है, उनकी क्या अवस्था है और दोषी लोगों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है?

DR. ALLADI P. RAJKUMAR (Andhra Pradesh) : Let the Leader of the House ascertain the facts and get back to the House.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज) : उपसभाध्यक्ष महोदय, इस खबर की जानकारी मुझे भी अभी मिली है और मैं स्वयं चिंतित थी। यहां आकर मैंने देखा कि सदन भी चिंतित है। यह बहुत स्वाभाविक है। मैं अभी गृह मंत्री जी को इसकी जानकारी दूंगी और उनसे यह कहूंगी कि मैं आपको सदन की भावनाओं से अवगत करा रही हूं।